28.12.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में नौ नए जिले और तीन संभाग निरस्त करने का फैसला–आठ नए जिले यथावत रहेंगे।

○ पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की पार्थिव देह पंचतत्व में विलीन–निगम बोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

○ प्रदेश में अगले 24 घंटों में जयपुर, कोटा, अजमेर और बीकानेर संभाग में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना।

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

000

राज्य में पूर्ववर्ती गहलोत सरकार द्वारा बनाए गए 17 नए जिलों में से नौ को निरस्त करने की घोषणा की गई है। इसके अलावा पाली, बांसवाड़ा और सीकर को दिये गये संभाग के दर्जे को भी समाप्त किया जाएगा। वहीं आठ नए जिलों को बरकरार रखा गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आज मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में ये निर्णय लिया गया। संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल और खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने बैठक के निर्णयों की प्रेस वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दूदू, केकड़ी, शाहपुरा, नीमकाथाना, सांचौर, अनूपगढ़ और गंगापुरसिटी जिलों को निरस्त किया जाएगा। जयपुर ग्रामीण और जोधपुर ग्रमीण जिलों को भी नए जिलों की सूची से हटाया गया है। बालोतरा, ब्यावर, डीग, डीडवाना–कुचामन, कोटपूतली–बहरोड़, खैरथल–तिजारा, फलौदी और सलूम्बर जिलों को यथावत रखा गया है। इस तरह अब राजस्थान में 7 संभाग और 41 जिले रहेंगे। श्री पटेल ने कहा कि ये नए जिले राज्य पर अनावश्यक भार डाल रहे थे। इनकी समीक्षा के लिए बनाई गई समिति की सिफारिश पर इन्हें निरस्त करने का फैसला लिया गया है।

..............

मंत्री श्री गोदारा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना में नए पात्र लोगों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों की केवाईसी करवाने की अवधि तीन महीने बढ़ा दी गई है।

................

इसके अलावा मंत्रिपरिषद की बैठक में कुछ अन्य बड़े फैसले भी लिये गये। राज्य में ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन होगा। समान पात्रता परीक्षा की वैधता तीन वर्ष करने और अगले चार साल में तीन लाख नौकरियां देने का लक्ष्य रखने का भी निर्णय किया गया। परिनिंदा दंड समाप्त करने और पशुधन सहायकों के लिए पदनाम परिवर्तन का अनुमोदन किया गया।

इधर, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मौजूदा राज्य सरकार इस पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने आबादी और सुशासन को ध्यान में रखकर ही नए जिले बनाए थे।

000

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का आज नई दिल्ली के निगम बोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सिख ग्रंथियों और डॉ. सिंह के परिजनों ने अंत्येष्टि से पहले गुरबानी का पाठ किया। औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कई केन्द्रीय मंत्रियों और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस अध्यक्ष

मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित पार्टी के कई नेताओं ने श्री सिंह को अंतिम विदाई दी।
सेना प्रमुखों ने डॉ. सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की। भूटान नरेश जिगमे खेसर नामग्याल वांगचुक और मॉरिशस के विदेश मंत्री धनंजय रामफल ने भी श्री सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की।
पूर्व प्रधानमंत्री के पार्थिव शरीर को आज सुबह कांग्रेस मुख्यालय से अंत्येष्टि स्थल लाया गयाा। इससे पहले पार्थिव देह को उनके निवास से कांग्रेस मुख्यालय ले जाया गया था, जहां लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके अंतिम दर्शन किए। डॉ. मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की आयु में 26 दिसम्बर को नई दिल्ली के एम्स में निधन हो गया था। इधर, प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये।

000

प्रदेश में अगले 24 घंटों में जयपुर, कोटा, अजमेर और बीकानेर संभाग में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। वहीं जयपुर, अजमेर और भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं ओले गिरने के आसार हैं। साथ ही दिन के तापमान में गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग ने अगले 3–4 दिनों तक राज्य के कुछ भागों में घने से अतिघना कोहरा छाए रहने की संभावना जताई है। इस बीच आज भी पाली, बारां और झालावाड़ सहित कई स्थानों पर सुबह देर तक कोहरा छाया रहा। बारां से हमारे संवाददाता ने बताया कि घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित है।

...............

अजमेर में दो दिन से जारी मावठ का दौर आज रुकने से लोगों को राहत मिली। बाजारों और पर्यटन स्थलों पर फिर से चहल–पहल नजर आने लगी है।

000

प्रदेश में गौशालाओं और डेयरियों में पशुधन के लिए गोपालन विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। सर्दी के मौसम और सामान्य प्रबंधन को देखते हुए ये परामर्श जारी किया गया है। पशुपालन, गोपालन और डेयरी सचिव डॉ समित शर्मा ने बताया कि पशुपालकों को इस मौसम में गौवंश के स्वास्थ्य के उचित प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। पशुओं को ठंड से बचाने के लिए शेड में रखने, कम्बल और जूट के बोरों से ढकने और सूखी घास और तापरोधी सामग्री का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है। साथ ही मौसम के अनुरूप आहार देने और गुनगुना पानी पिलाने का परामर्श दिया गया है।

000

प्रदेश के पर्यटन स्थल इन दिनों देशी–विदेशी सैलानियों से गुलज़ार हैं। जैसलमेर, सवाईमाधोपुर, जोधपुर, उदयपुर, मांउट आबू और राजधानी जयपुर में बड़ी संख्या में क्रिसमस की छुट्टियों के साथ ही पर्यटकों की अच्छी आवक हो रही है। ये नए साल के आगमन तक जारी रहेगी। सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर में भी नए वर्ष के स्वागत के लिए काफी सैलानी पहुंच रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसके लिए पर्यटन कारोबारियों और प्रशासन की ओर से खास इंतजाम किये गये हैं।

...............

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. सिंह के निधन के कारण चल रहे राजकीय शोक की वजह से सांस्कृतिक समारोह निरस्त किये गये हैं। माउंट आबू में कल से शुरू होने वाला शरद महोत्सव निरस्त कर दिया गया है। वहीं राजधानी जयपुर के अल्बर्ट हॉल पर होने वाले पाक्षिक कार्यक्रम ''कल्चरल डायरीज़'' को भी इस बार रद्द किया गया है। जवाहर कला केन्द्र में प्रस्तावित मधुरम उत्सव और नाट्य प्रस्तुति को भी स्थगित कर दिया गया है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की यह 117वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। साथ ही आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एयर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध रहेगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सुना जा सकता है। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

000

भीलवाडा जिले के कारोई क्षेत्र से पुलिस ने एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। इस पर 13 राज्यों में करीब साढे बारह करोड़ रुपये की ठगी की वारदातें करने का आरोप है। आरोपी पर विभिन्न राज्यों में 28 मुकदमे भी दर्ज हैं।

000

जयपुर गैस टैंकर अग्निकांड में मरने वालों की संख्या बढकर बीस हो गई है। हादसे के एक पीड़ित ने कल एसएमएस अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इसके अलावा सात रोगियों की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। अस्पताल के बर्न स्पेशलिस्ट डॉ. राकेश जैन ने बताया कि बीते दिन तीन घायलों को अस्पताल से छुट्टी दी गई।

000

बारां जिले के सेतकोलू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान के तहत आज शिविर लगाया गया। राज्य के उप टीबी अधिकारी डॉ. इंद्रजीत सिंह ने शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्क्रीनिंग के लिए आए लोगों से बातचीत भी की।

000

देश में कैब चालकों की ओर से अलग–अलग कीमतों की वसूली के आरोपों की जांच की जाएगी। केंद्रीय खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने इस बारे में उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण–सीसीपीए को जांच के निर्देश दिये हैं। कैब चालक कथित तौर पर एंड्रॉइड और एप्पल उपभोक्ताओं से एक ही सवारी के लिए अलग–अलग किराया वसूल रहे हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री जोशी ने कहा कि उन्होंने सीसीपीए को इस मामले की विस्तृत जांच करने और जल्द रिपोर्ट पेश करने को कहा है।

श्री जोशी ने विभाग से फूड डिलीवरी एप और ऑनलाइन टिकट बुकिंग की दरों पर भी ध्यान देने को कहा है।

000

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने सोमवार को प्रक्षेपित किये जाने वाले अपने स्पेस डोकिंग एक्सपेरिमेंट–स्पेडेक्स मिशन के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली हैं। अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने आज एक साक्षात्कार में कहा कि साल के आखिर में छोड़ा जाने वाला इसरो का यह मिशन ऐतिहासिक है। इसके माध्यम से दो उपग्रहों को जोड़ा जाएगा। डॉ. सिंह ने कहा कि स्पेडेक्स मिशन के साथ भारत अंतरिक्ष में उपग्रह की डोकिंग करने वाले चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएगा।

000